देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 07 जनवरी 2022। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर में सत्र 2021–22 में प्रवेश लेने वाले स्नातक एवं स्नातकोत्तर नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिये आज दिनांक 07 जनवरी 2022 को (इन्डक्शन) दीक्षारंभ कार्यक्रम विश्वविद्यालय सभागृह, खंडवा रोड परिसर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरि नारायणचारी मिश्र, आयुक्त पुलिस, इन्दौर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीया कुलपति प्रो. रेणु जैन जी ने की। कार्यक्रम में कुलाधिसचिव प्रो. अशोक शर्मा, कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा तथा छात्र कल्याण संकायध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय पर आधारित लघु फिल्म एवं अन्य प्रेरक विडियो फिल्म विद्यार्थियों को दिखाई गयी। अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. त्रिपाठी द्वारा विद्यार्थियों को छात्र कल्याण, युवा उत्सव आदि से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी।

उप संचालक, खेल निदेशालय, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, श्री सुनील दुधाले द्वारा विद्यार्थियों को वि.वि. में आयोजित की जाने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गयी।

कुलाधिसचिव प्रो. अशोक शर्मा जी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए उन्हें परिश्रम एवं लगन के साथ कार्य करने को प्रेरित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हरि नारायणचारी मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा ''युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाएं। आज विश्व की दस बड़ी कम्पनियों में से सात कम्पनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति भारतीय हैं''। श्री हरि नारायणचारी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने वाली कुछ सत्य घटनाओं का जिक्र भी किया। उन्होने कहा कि ''परिस्थितियों से हार नही माननी चाहिये। पूरे मनोयोग से परिश्रम करते रहना चाहिये। मन की बात सुनें एवं स्वयं अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य को चुनें। अपने आपको स्वस्थ्य रखें।

कार्यक्रम की अध्यक्ष माननीया कुलपति प्रो. रेणु जैन जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में अनुशासन के महत्व को बताया। उन्होने कहा कि ''विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक आपकी मदद के लिये सदैव उपलब्ध है। मैं आशा करती हूँ कि यहाँ से शिक्षित होकर आप वि.वि. का नाम देश विदेश में रौशन करें। ऐसी मेरी आप सभी से अपेक्षा है''।

कार्यक्रम में कोविड प्रोटोकाल के अनुसार पूरी सावधानी रखी गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. यामिनी करमरकर द्वारा किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी